# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शनिवार 15 नवंबर 2025





## खबर संक्षेप

### न्योता भोज का आयोजन

**जेवरतला रोड।** प्रथमिक शाला औरी के शिक्षक प्रवीण चंद्राकर ने अपने जन्मदिन के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया। बच्चों को न्योता भोज में खीर, पूड़ी, भजिया, जलेबी, चॉकलेट, चावल, दाल, सब्जी परोसा गया। इस अवसर पर विमला साहू, पार्वती साहू, तनु सेन, फतनलाल देवांगन, आशीष साहू, प्रवीण चंद्राकर उपस्थित थे।



### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर कल

**डोंगरगढ़।** गुरुकृपा वेलनेस सेंटर में 16 नवंबर को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया है। शिविर में विभिन्न दर्द, विकार एवं अन्य सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं का न्यूरोथेरेपी, एक्यूप्रेशर, पंचकर्म, कपिंग थेरेपीऔर काइरो प्रैक्टिक जैसी उपचार पद्धतियों से रोगियों का परीक्षण एवं उपचार किया जाएगा। शिविर में जोड़, घुटना, कमर दर्द, पार्किंसन्स, साइटिका, स्पान्डिलाइटिस सर्वाइकल, माइग्रेन, गैस, कब्ज, मधुमेह, गठिया, सूजन, मोटापा, मांसपेशियों की विकृतियाँ डिप्रेशन, चक्कर आना, एसिडिटी आदि का निवारण होगा।

### अधिकारी की उदासीनता से व्यवस्था बिगड़ी

**डोंगरगढ़।** शहर की सफाई और पेयजल व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रहीहै। नगर पालिका अधिकारी समस्या की सुध लेना तो दूर शहर की व्यवस्था को देखने तक नहीं निकलते। ठंड के दिनों में भी शहर के कुछ वार्डो में पानी की समस्या बनी है जबकि पहले मांग के अनुरूप निरस्तारी पानी की व्यवस्था हो जाती थी। जनप्रतिनिधियों द्वारा समस्याओं के निराकरण का प्रयास तो किया जा रहा है किंतु अधिकारी की कार्यप्रणाली नकारात्मक दिखाई दे रही है। शहर की सफाई व्यवस्था भी चौपट हो चुकी है। पालिका में लगभग 50 कर्मचारी है किन्तु 20 कर्मचारी के भरोसे कार्यों का संपादन किया जा रहा है। प्रतिदिन लगभग 15 कर्मचारी काम कर रहे है जबकि वर्तमान में 60 लोगों की आवश्यकता है। निर्धारित समय पर वार्डों एवं मार्गो की सफाई नहीं हो रही है।



### मुक्तिबोध पर साहित्यिक परिचर्चा का आयोजन

**डोंगरगढ़। नेहरू** महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती के निर्देशन में हिन्दी विभाग ने मुक्तिबोध जयंती के अवसरपर मुक्तिबोध का साहित्यिक अवदान पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। शुभारंभ के बाद नीशा वर्मा एवं काजल वर्मा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती ने मुक्तिबोध के साहित्यक योगदान पर प्रकाश डाला। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. आशा चौधरी ने कहा कि यथार्थ को अभिव्यक्त करने का सर्वश्रेष्ठ माध्यम साहित्य है। हिन्दी विभाग प्रभारी डॉ नीता राजपूत ने मुक्तिबोध के साहित्यिक अवदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में नीलम वर्मा, काजल वर्मा, मोरध्वज, सुभाष साहू, गीतांजली, आरती सलामे, आकाश वर्मा, दीपककुमार, पूर्णिमा साहू, मधु पटेल, मुस्कान, मानसी हरदेल, भूमिका साहू, सीमा कंवर, एवं संजना उपस्थित थे। संचालन डॉ. नीता राजपूत एवं आभार प्रदर्शन डॉ. येशु क्रीति हजारे ने किया गया।



### नारायणलाल बने शिशु मंदिर के अध्यक्ष

**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में नई प्रबंध कारिणी समिति का गठन हुआ है। समिति में अध्यक्ष नारायण लाल अग्रवाल चुने गए है। उपाध्यक्ष राजेंद्र जैन, सचिव अविनाश ब्राह्मणकर, सह सचिव प्रकाश गिरधर, कोषाध्यक्ष नीलम चोपड़ा, सदस्य केशवलाल अग्रवाल, सुरेश सोनी, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, सुनीलजैन, पदेन सदस्य प्रकाश यादव, संस्थान प्रतिनिधि रेवादास मानिकपुरी है। निर्वाचनअधिकारी के रूप में राघवेंद्र मिश्र एवं विभाग समन्वयक दीपक यादव उपस्थित रहे। बैठक के अंत में निर्वाचन अधिकारी राघवेंद्र मिश्र ने समिति के सदस्यों को बधाई दी है।



### दुर्घटना रोकने लगाया रेडियम बोर्ड

**चिचोला।** झुरा नदी पुल के पास आए दिन होने वाली दुघटना को देखते हुए फोरलेन कंपनी द्वारा रेडियम बोर्ड लगाया जा रहा है। कुछ दिन पहले सुकर से भरा पिकअप डिवाइडर से टकराकर नदी में गिर गया था। इससे पहले पत्तागोभी से भरा ट्रक पलट गया था। इस घटना में चालक परिचालक की दबने से मौत हो गई थी। लगातार होने वाली घटनाओं को देखते हुए मोड़ पर बोर्ड लगाया जा रहा है। वही चिचोला से डोंगरगढ़ मार्ग पर भी अक्सर दुघर्टना होते रहती है। यहां भी रेडियम स्टापेज लाइट लगाना अनिवार्य है।



### राधेश्याम को पुन: मिला मीडिया का प्रभार

**छुरिया।** सांसद संतोष पांडेय ने जिला भाजपा के पूर्व मीडिया प्रभारी राधेश्याम शर्मा को मीडिया संबंधी कार्यों के संपादन हेतु पुनः मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है।नियुक्ति के लिए राधेश्याम शर्मा ने सांसद पांडेय का आभार व्यक्त किया है।नियुक्ति के बाद भाजपा नेता चंद्रिकाप्रसाद डड़सेना, एमडी ठाकुर, किरण वैष्णव, संजय सिन्हा, अजय पटेल, जगजीतसिंह भाटिया, कांता साहू, कैलाश शर्मा, रोमी भाटिया, हीरेन्द्र साहू, खिलेश्वर साहू, मिथलेश दुबे, अशोक मरकाम, शेखर भारद्वाज, मनीष त्रिपाठी, नैनसिंह पटेल, राजेश्वर ध्रुवे, हितेश गुप्ता, आलोक मिश्रा, गीता साहू, हनीफ कुरैशी, सन्नी भाटिया, गुरुप्रीत भाटिया ने बधाई दी है। सांसद प्रतिनिधि रोमी भाटिया, जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, मंडल अध्यक्ष कांता साहू, आबिद मेमन ने गत दिनों श्री शर्मा को नियुक्ति पत्र सौंपा।









## बच्चों ने पंडित नेहरू को किया याद, बाल दिवस पर हुए विविध सांस्कृतिक आयोजन

# स्कूलों में लगा बाल मेला, बिखरी खुशियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

पीएम श्री प्राथमिक शाला बोधिटोला में शुक्रवार को बाल दिवस उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के आरंभ में पूर्व प्रधानमंत्री और बच्चों के बीच चाचा के रूप में प्रसिद्ध पं. जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया गया। इस दौरान शाला परिसर में एफएलएन मेला का आयोजन किया गया। मेला में विभिन्न कक्षाओं के बच्चों ने शैक्षिक मॉडल प्रस्तुत किए। इस दौरान मंडल भाजपा की कार्यकारिणी सदस्य और सीए हिना मंगल जैन ने स्कूल पहुंचकर बच्चों के साथ खुशियां बांटा। उन्होंने पहली से कक्षा पांचवीं के बच्चों को चॉकलेट, बिस्किट प्रदान कर दिए उनका उत्साह वर्धन किया। श्रीमती जैन ने बच्चों के साथ विभिन्न गेम भी खेला। इस दौरान शिक्षक पूनाराम कन्नौजे, महेश्वरी डहरे, छात्राध्यापक पूर्णिमा कंवर, माधुरी, तनुजा ठाकुर, रजनी कहिरबा, राहुल जैन आदि मौजूद थे।

**चिचोला।** देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की जयंती स्कूल में बाल दिवस के रूप में मनाया गया। प्राथमिक शाला परिसर में आयोजित कार्यक्रम के आरंभ में बच्चों ने पं. नेहरू की तस्वीर पर तिलक लगाया। इस दौरान बच्चों ने गुपचुप, भेल आदि के स्टॉल लगाए थे जिनका आनंद शिक्षकों और ग्रामीणों ने लिया।






### क्विज स्पर्धा आयोजित

**सड़क अतरिया।** पूर्व माध्यमिक शाला आमगांव घाट शुक्रवार को बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। बच्चों ने रंग–बिरंगी पोशाकों में आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें नृत्य, गीत, भाषण और समूह गान शामिल थे। संचालन शिक्षक देवकरण सेन और नरेश कुमार चंदेल ने किया। इस मौके पर बच्चों के लिए खेल-कूद एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शिक्षक देवकरण सेन ने बताया कि पंडित जवाहरलाल नेहरु स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री थे जो बच्चों से अत्यधिक प्रेम करते थे। उनके जन्म दिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। अंत में मिठाई और टॉफियाँ वितरित की गईं।

### कॉलेज में व्यंजनों की महक

**अर्जुनी।** नवीन शासकीय महाविद्यालय अर्जुनी में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में बाल दिवस के उपलक्ष्य में बाल मेला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि मोहनिश साहू थे। इस दौरान सरपंच ललिता साहू, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष टामेश्वर साहू, फेरूराम इंदौरिया, भूषण सोनकर, भैयालाल साहू, छन्नूराम साहू आदि ने रिबन काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बाल मेला में तीनों संकाय के विद्यार्थियों ने स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टाल लगाए । स्टाल में विद्यार्थियों ने न केवल स्वाद और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया बल्कि स्वच्छता और प्रबंधन में भी उत्कृष्ट कौशल का परिचय दिया । इस मौके पर आयोजित फूड स्टॉल प्रतियोगिता में प्रथम बीकॉम तृतीय वर्ष की रेणुका, खिलेश्वरी, द्वितीय लक्ष्मी, ज्ञानेश्वरी, दुर्गा, पूजा, प्रिया बीएससी प्रथम सेमेस्टर और तृतीय स्थान काजल, रितु, श्वेता, मिथिलेश कुमारी, लक्ष्मी बी ए तृतीय वर्ष, नेहा, पूजा यादव बीएससी तृतीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया। अन्य विद्यार्थियों ने भी बेहतर प्रदर्शन किया। इस मौके पर अतिथि व्याख्याता डॉ काव्या जैन, कंचन साहू, चांदनी पराते, हिमानी साहू, योगिता ठाकुर, ओमप्रकाश सहारे, चंद्रकांत कुंभकार, ज्ञानेश्वर देवांगन, कामेश देवांगन मौजूद थे। संयाजन शुभी जैन ने किया।

### विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम

**खड़गांव।** विद्या श्री विजडम स्कूल खडगांव में धूमधाम से बाल दिवस मनाया गया। चाचा नेहरु को याद करते हुए बच्चों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शाला परिसर में आनंद मेला का भी आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने लाजवाब व्यंजनों के स्टाल लगाए। बच्चों ने स्टाल लगाकर व्यापार किया। स्कूल के शिक्षकों ने आयोजित बाल आनंद मेला की तारीफ की। विद्या श्री विजडम स्कूल के प्राचार्य ने बच्चों को बाल दिवस की बधाई दी साथ ही बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम और स्टाल का जायजा लिया।

## सेजेस की अंजली बनी मानद थाना प्रभारी

**छुईखदान।** बाल दिवस के अवसर पर थाना परिसर में बच्चों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को थाना में शिकायत दर्ज करने की ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया।ऑनलाइन शिकायत पंजीयन पोर्टल, मॉनिटरिंग सिस्टम, जाँच प्रक्रिया तथा लिखित आवेदन, रजिस्टर संधारण की जानकारी दी गई। बच्चों ने थाना परिसर का भ्रमण कर विभिन्न शाखाओं की कार्यशैली, डायल-112 प्रतिक्रिया व्यवस्था, पुलिस कंट्रोल सिस्टम, बंदी कक्ष और दैनिक पुलिसिंग से संबंधित कार्यों को नज़दीक से देखा। साइबर सुरक्षा पर आयोजित सत्र में ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी धोखाधड़ी, सोशल मीडिया फ्रॉड एवं गेमिंग ऐप्स के माध्यम से होने वाले अपराधों से बचने के उपाय बताए गए। विशेष पहल करते हुए स्वामी आत्मानंद स्कूल की छात्रा अंजली डे को एक घंटे के लिए मानद थाना प्रभारी बनाया गया। उन्होंने थाना प्रभारी की कुर्सी संभालकर पुलिस कार्यप्रणाली को समझा और अधिकारियों से संवाद किया। इस पहल का उद्देश्य बच्चों में नेतृत्व, जिम्मेदारी और प्रशासनिक समझ विकसित करना था।



## एफएलएन मेला का आयोजन

**मुरमुंदा।** प्राथमिक शाला भरूहाटोला में बाल दिवस के मौके पर एफएलएन मेला का आयोजन किया गया। मेला में बच्चों ने गणित, हिन्दी एवं अंग्रेजी विषय के माडलों का प्रदर्शन किया। बच्चों के साथ ग्रामीणों ने इस मेला का अवलोकन किया। कार्यक्रम के आरंभ में प्रधानपाठक एवं अतिथियों ने सरस्वती माता की पूजा अर्चना एवं प्रथम प्रधानमंत्री पं.जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस दौरान सेल्फी जोन बनाया गया था। कार्यक्रम में प्रधानपाठक धनुषराम कंवर, शिक्षक संजीव चन्द्रवंशी, रोमलाल साहू, फलिता साहू, अन्नपूर्णा साहू, भेदबाई वर्मा, वेनू वर्मा, गनेशिया बाई, संगीता पडोती, ताराबाई साहू, बसंत पडोती, बिंदाबाई मंडावी, वीरेन्द्र कंवर आदि उपस्थित थे।



## बेरोकटोक बिक रही शराब

**सड़क चिरचारी।** ग्राम चारभाठा में शराब का अवैध कारोबार चल रहा है। गांव के शुरू से लेकर चौक तक शराब बेचा जा रहा है वहीं लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करते रहते हैं। बाजार चौक, मैदान, मिनी स्टेडियम आदि स्थानों पर शराबी डिस्पोजल एवं शराब की खाली बोतल फेंककर लोगों की परेशानी बढ़ा रहे है। मोहनपुर रास्ते पर ट्रांसफार्मर के पास बोतल और डिस्पोजल का ढेर लगा है। यही हॉल बाजार चौक का है। स्टेडियम मैदान नशापान करने से बच्चे प्रभावित हो रहे है और वह भी धूम्रपान करने में रुचि लेने लगे हैं। गौरतलब है कि शराब कोचियाओं को बड़ी मात्रा में शराब उपलब्ध हो रहा है और वह मनमाने दाम पर शराब बेच रहे है। शराबखोर बढ़ने के बाद प्रशासन द्वारा कार्यवाही नहीं की जा रही है । पुलिस के आवाजाही से यह व्यवसाय कुछ शिथिल हो जाता है , लेकिन बाद में स्थिति जैसे के तैसे हो जाती है। शराबखोरी के साथ चोरी, मारपीट , लड़ाई , सेंधमारी जैसी घटनाएं भी बढ़ रही है।

## वंदे मातरम् का सामूहिक गायन

**सड़क अतरिया।** शासकीय हाईस्कूल घिरघोली में शुक्रवार को बंदे मातरम का गायन किया गया। जन प्रतिनिधि, शिक्षक शिक्षिकाओं, छात्र छात्राओं ने वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया। इस मौके पर गीत की महत्ता एवं प्रभाव पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने छात्र छात्राओं को संबोधित किया। इस दौरान जनभागीदारी अध्यक्ष रोहित जंघेल, मंडल उपाध्यक्ष अध्यक्ष ठाकुरराम साहू, बूथ अध्यक्ष युवराज ठाकुर, प्रचार्य यादव सहित अन्य मौजूद थे।



# सालों पहले करोड़ों की लागत से बना बस स्टैंड जीर्णशीर्ण, कलेक्टर ने लिया जायजा

- व्यवस्था सुधारने और सड़क निर्माण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

डेढ दषक पहले एक करोड की लागत से बने नवीन बस स्टैंड की जिला प्रशसन एवं नगरीय निकाय ने सुध लेना शुरू कर दिया है। गुरूवार को बस स्टैंड स्थल का कलेक्टर ने निरीक्षण किया। मुआयना के बाद कलेक्टर ने जीर्णशीर्ण हो चुके बस स्टैंड के प्रतीक्षालय, काम्पलेक्स तथा अन्य स्ट्रक्चर को दुरूस्त कराने का निर्देश दिया। उन्होंने दोनों ओर सड़क बनाने का निर्देश दिया।

नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी के अनुरोध पर कलेक्टर तुलिका प्रजापति गुरूवार को नगर पहुंची। उन्होंने नवीन बस स्टैंड स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम डॉ हेमेन्द्र भुआर्य, तहसीलदार अरूनिमा टोप्पो, सीएमओ विजय पांडेय सहित अन्य उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान नगर अध्यक्ष ने बताया कि बस स्टैंड वर्ष 2004- 09 के बीच बना था। निर्माण के बाद यहां बस स्टैंड शुरू करने के लिए अधिकारिक प्रयास नही हुआ जिसके कारण बस स्टैन्ड के सभी स्ट्रक्चर खंडहर में बदल गए है। उन्होंने बताया कि निर्माण में एक करोड से अधिक खर्च किया गया। भारी भरकम राशि खर्च होने के बाद भी बस स्टैंड शुरू नही होने पर कलेक्टर ने आश्चर्य जताया। कलेक्टर ने बस स्टैंड के सभी स्ट्रक्चर को ठीक कराने का निर्देश दिया। सडक निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करने कहा।



### बस स्टैंड बनाया पर सड़क नहीं

डेढ दशक पूर्व बस स्टैंड तो बना दिया गया लेकिन बसों सहित अन्य वाहनों की आवाजाही के लिए मार्ग ही नहीं बनाया गया। नगर पंचायत ने एक दिशा से सड़क बनाया है किन्तु वह इतनी संकरी है कि बसों की आवाजाही मुश्किल है।

### सड़क के लिए वन विभाग से जमीन लेगी निकाय

मुख्य मार्ग से बस स्टैंड तक बसों व वाहनों की आवाजही के लिए पहुंच मार्ग आवश्यक है जिसके लिए नगर पंचायत को लगानी जमीन क्रय करना होगा या फिर निजी जमीन का अधिग्रहण कराना होगा। यह संभव नहीं होने पर गणेश टेकरी के समीप से वन विभाग से जमीन लेना पड़ेगा। वन विभाग से जमीन प्राप्त करने के बाद ही सडक निर्माण हो सकता है।

# बिहार की जीत पर भाजपा ने मनाया जश्न

- आतिशबाजी कर बांटी मिठाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

बिहार चुनाव में एनडीए की शानदार जीत के बाद भाजपा ने आतिशबाजी कर जश्न मनाया। नगर के श्रीराम चौक पर भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाते हुए जमकर नारेबाजी किया। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए सरकार को स्पष्ट बहुमत मिलने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर जीत का जश्न मनाते हुए, इसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी विकास परक नीति को दिया। जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने कहा कि बिहार की जनता ने एनडीए को वोट देकर विकास पर मुहर लगाया है । एनडीए की सरकार ने बिहार में जंगल राज खत्म किया है । उन्होंने कहा कि जनता ने जिस भरोसे के साथ अपना बहुमत दिया है, उसमें एनडीए सरकार खरा उतरेगी। जीत के जश्न में लक्ष्मीनारायण गुप्ता, रामकिशन महेश्वरी, मंडल अध्यक्ष दीना पटेल, रामकुमार गुप्ता, चुन्नी यदु, गुलशन हिरवानी, हेमंत चोपड़ा, संतोष यादव, अंजू त्रिपाठी, कोमल साहू, लक्ष्मीनारायण सेन, राजा जैन, लल्ला यदु, मनोज हेमनानी, अरुण जैन,रमेश सोनी, योगेश पटेल सहित बड़ी संख्या में शामिल हुए।



## विजेता खिलाड़ी पंजाब में करेंगे प्रतिनिधित्व

**राजनांदगांव।** हेमचंद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतरमहाविद्यालयीन भोरोत्तोलन पुरूष-महिला प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय पीजी महाविद्यालय बेमेतरा द्वारा 11 व 12 नवंबर को किया गया। इस प्रतियोगिता के 58 किलोग्राम वर्ग में मानसी यादव, 63 किलोग्राम में सोनाली यदु, 86 किलोग्राम वर्ग में तानिया बंजारे, 86 किलोग्राम वर्ग में रिमझिम मैगी तथा 65 किलोग्राम वर्ग में विक्रम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में बेस्ट लिफ्टर का अवार्ड सोनाली यदु को प्रदान किया गया। ये सभी विजेता खिलाड़ी 08 से 12 दिसंबर तक पंजाब में आयोजित अखिल भारतीय विश्वविद्यालयीन खेल प्रतियोगिता में हेमचंद विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन खिलाड़ियों के मुख्य प्रशिक्षक अजय लोहार एवं तामेश्वर बंजारे थे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर डॉ. सुचित्रा गुप्ता, डॉ. अनिता महिश्वर, डॉ. शैलेन्द्र सिंह, अरूण चौधरी, रामू पाटिल सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने बधाई दी।

हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 15 नवंबर 2025
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | ]

### आधा दर्जन विभागों के कर्मचारियों के हाथों होगी खरीदी

# तीन जिले के 66 केंद्रों में होगी बोहनी, खरीदेंगे 16462 क्विं धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इस साल की सरकारी धान खरीदी आज से शुरू होने जा रही है। जिले सहित प्रदेशभर में किसानों से उनकी उपज आज समितियों में खरीदी जाएगी। हालांकि समिति प्रबंधक एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों की हड़ताल का असर जरूर देखने को मिलेगी, लेकिन वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर शासन-प्रशासन ने फिल्ड पर अपने राजस्व, सहकारिता सहित अन्य विभाग के कर्मचारियों को उतार दिया है, जिन्हें आज से खरीदी का जिम्मा दिया गया है।

इधर खरीदी के पहले दिन अविभाजित राजनांदगांव जिले की 174 समितियों में से केवल 66 केंद्र में ही बोहनी की जाएगी। इन 66 केंद्रों में 293 किसानों ने टोकन कटवाया है। जिनसे 16462 क्विंटल धान खरीदा जाएगा। वहीं खरीदी प्रक्रिया के लिए केंद्रों में 9 लाख नए बारदाने भी उपलब्ध करा दिए गए हैं। ज्ञात हो कि सभी किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदा जाएगा। जिसके बदले उन्हें 3168 रुपए की राशि अदा की जाएगी।

**दो दिन देनी पड़ी ट्रेनिंग**

ज्ञात हो कि पिछले एक पखवाड़े से समिति प्रबंधक अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। ऐसे में प्रशासन ने अपने स्तर पर कृषि विभाग के कर्मचारियों को खरीदी के लिए गुरुवार को ट्रेनिंग दी थी, लेकिन गुरुवार देर शाम शासन से नया आदेश जारी हो गया। जिसके तहत राजस्व, सहकारिता जैसे विभाग के कर्मचारियों को खरीदी के लिए तैनात करने कहा गया। ऐसे में शुक्रवार को दोबारा खरीदी की ट्रेनिंग इन कर्मचारियों को देनी पड़ी।





### तीन जिले में 2.39 लाख किसान

अविभाजित राजनांदगांव जिले में 239281 किसान ने अपना पंजीयन कराया है। इनमें राजनांदगांव जिले के 128410, खैरागढ़ जिले के 68833 और मोहला-मानुपर जिले के 42038 किसान शामिल हैं। इनमें आज राजनांदगांव जिले में 35 केंद्र में 168 किसान से 9461 क्विंटल, खैरागढ़ जिले में 28 केंद्र में 118 किसान से 6765 क्विंटल और मोहला-मानपुर जिले में तीन केंद्र में 7 किसान से 236 क्विंटल खरीदी आज होगी।

## हड़ताल में डटे समिति प्रबंधकों पर एक्शन शुरू, प्रदेश महामंत्री सहित छह बर्खास्त

**राजनांदगांव।** धान शार्टेज, अनुदान सहित चार सूत्रीय मांगों को लेकर 3 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए समिति प्रबंधकों के खिलाफ अब एक्शन शुरू हो गया है। राजनांदगांव, कवर्धा, खैरागढ़ जिले के आधा दर्जन समिति प्रबंधकों को बर्खास्त करने का आदेश जारी कर दिया गया है। इसमें संगठन के प्रदेश महामंत्री भी शामिल हैं। वहीं दूसरी तरफ कार्रवाई की निंदा करते अंदोलनरत संगठन ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। उल्लेखनीय है कि 15 नवंबर से प्रदेशभर में धान खरीदी की प्रक्रिया शुरू होनी है। सहकारी समितियों में समिति प्रबंधक और कम्प्यूटर ऑपरेटर इस खरीदी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन 3 नवंबर से दोनों ही संगठन अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए हैं। कई दौर की बातचीत के बाद भी हल नहीं निकल पाया। जिसके बाद अब शासन और प्रशासन स्तर से कार्रवाई शुरू हो गई है।

### इन पर कार्रवाई

प्रशासन द्वारा समिति प्रबंधकों को 10 नवंबर को एक नोटिस जारी की गई थी। जिसका तीन दिन के भीतर जवाब देने कहा गया था, परन्तु अंतिम अवधि तक जवाब नहीं दिया गया। जिसके बाद बोरतलाव सहकारी समिति के प्रबंधक ईश्वर श्रीवास, गठुला समिति प्रबंधक किशुन देवांगन, चिल्फी समिति प्रबंधक मनोज चंद्राकर, जिन्दा समिति प्रबंधक धनश्याम चंद्रवंशी, सहसपुर लोहारा समिति प्रबंधक गंगादास मानिकपुरी और पनियाजोब समिति प्रबंधक भीखमचंद जैन को बर्खास्त करने का आदेश जारी किया गया है।







## सार समाचार

### हिन्दू जागरण मंच ने एसपी के नाम सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** हिन्दू जागरण मंच जिला राजनांदगांव ने सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा। हिन्दू जागरण मंच ने ज्ञापन में



बताया कि देश के 12 राज्यों में एसआईआर लागू होते ही देशभर में सीरियल धमाकों की साजिश रची गई। देश में पहली बार टेरर माड्यूल में इतने सारे डॉक्टर पकड़े गए। डॉ शाहीन शाहिद, डॉ. आदिल अहमद, डॉ. मोहम्मद नबी उमर, डॉ. मुजम्मिल शकील, डॉ. सज्जाद अहमद लाल किले के पास दिल्ली में कार धमाके में 12 लोग मारे गए एवं कई लोग घायल हुए। फतेहपुर में 2900 किलो विस्फोटक बरामद हुआ। गुजरात में भी तीन आतंकवादी पकड़े। गुजरात एटीएस के माध्यम से जिन्होंने एक खतरनाक जहर बनाया था, लगभग 10 लाख लोग मर जाते, उतना जहर उनके पास से बरामद हुआ। तीन लोग हिरासत में लिए गए। इस दौरान सुशील लड्ढा, प्रवीण शर्मा, सविता बोस, संतोष टूरहाटे, मनोज गोलछा, विष्णु सिन्हा, प्रभात गुप्ता, रोहित तिवारी, गोविंद साहू, मुकेश सोनी, महेंद्र जंघेल, हरीश भानुशाली, कुबेर साहू, संतोष सिंह, सुनील कुमार तिवारी, रोहित यादव, जुगल गुप्ता, हेमलाल ढीमर, रामनारायण तंबोली, नीलू साहू, मुकेश सोनी, राकेश कालू भाई, आनंद गुप्ता, राजू साव एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नंदई चौक में शराब दुकान का विरोध

**राजनांदगांव।** पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने आवासीय क्षेत्र नंदई चौक में शराब दुकान नहीं खोलने को लेकर विधायक, महापौर और कलेक्टर से मांग की है। श्री ओस्तवाल ने मांग करते कहा कि संस्कारधानी नगरी कहलाने वाली राजनांदगांव नगरी को शराब और मांस, मटन और नशीली दवाईयों का गढ़ ना बनने दें, क्योंकि राजनांदगांव की धरती राजा-महाराजाओं और त्यागी महापुरूषों की पावन धरती है। विधानसभा क्षेत्र में जिस तरह से सत्ता के मदहोश में चंद पैसों के लिए भाजपा नेताओं के संरक्षण में जिला प्रशासन और भ्रष्ट आबकारी विभाग के अधिकारियों के संरक्षण में शहर के आवासीय क्षेत्र और व्यापारी वर्ग के लोगों का निवास नंदई चौक में है और जिस तरह से वहां 24 घंटा महिलाओं और बच्चों आदि का आवागमन बना रहता है और जिस तरह से नंदई चौक स्थित जिस मकान में शराब दुकान खुल रही है, उसकी नगर निगम विभाग से आवासीय एवं गैर आवासीय भवन अनुज्ञा की जांच तत्काल करवाते संस्कारधानी शहर की जनता के हित में नंदई चौक की वह शराब दुकान वहां नहीं खुलने का आदेश तत्काल जारी करें।

### गातापार जंगल चेकपोस्ट में 301 कट्टा धान जब्त

**खैरागढ़।** कलेक्टर के आदेश पर जिले में अवैध धान परिवहन पर सख्ती जारी है। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) टांकेश्वर प्रसाद



साहू के नेतृत्व में खाद्य निरीक्षक विनोद सागर, मंडी उप निरीक्षक हरीश सिंह तथा रामकिशुन सिंह की टीम ने 14 नवंबर की सुबह गातापार जंगल चेकपोस्ट में कार्रवाई की। सुबह 6.30 बजे जांच के दौरान उत्तरप्रदेश के वाहन क्र. यूपी-70-एमटी-0779 में 301 कट्टा (लगभग 120 क्विंटल) धान अवैध रूप से परिवहन करते पकड़ा गया। पूछताछ में सामने आया कि धान को राजनांदगांव के अन्नपूर्णा इंडस्ट्रीज एंड प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड डोंगरगांव ले जाया जा रहा था।अवैध परिवहन की पुष्टि होने पर टीम ने वाहन और पूरे 301 कट्टा धान को मौके पर ही जब्त कर लिया। जब्त धान एवं वाहन को आवश्यक कार्रवाई के लिए गातापार जंगल की सुपुर्दगी में रखा गया है।

### हेलमेट पहनने पुलिस ने किया जागरूक

**खैरागढ़।** खैरागढ़ यातायात पुलिस ने दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक किया। हेलमेट के उपयोगिता की जानकारी भी दी। जिला केसीजी पुलिस टीम द्वारा सड़क सुरक्षा के मद्देनजर यातायात नियमों का पालन कराने यातायात संबंधित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को समझाइस दी जा रही है। जिसके तहत सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर सिर की चोंट से बचने दो पहिया वाहन चलाते हेलमेट धारण करने व दुर्घटना होने पर सिर की गंभीर चोंट से होने वाली मौतों तथा बचाव से विस्तारपूर्वक बताकर सड़क दुर्घटनाओं में सिर का बचाव हेलमेट की उपाय हेलमेट धारण कर सुरक्षित रहकर अपने व अपने परिवार के प्रति सजग रहने समझाइस दी गई। दोपहिया वाहन चलाते हेलमेट पहने लोगों को सड़क सुरक्षा जीवनरक्षा के तहत प्रोत्साहित किया गया एवं यातायात नियमों के उल्लंघनकर्ताओं पर प्रतिदिन कार्रवाई जारी एवं यातायात नियमों के पालन करने वालों को प्रोत्साहित किया। यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर कड़ी चालानी कार्रवाई किया जा रहा है।

### राजनांदगांव में गंभीर रोगों के विशेषज्ञ

**राजनांदगांव।** सिर दर्द, माइग्रेन, कमर दर्द, मिर्गी, लकवा, साइटिका तथा अन्य गंभीर रोगों के विशेषज्ञ राजनांदगांव में उपलब्ध रहेंगे। मरीजों को अब अपने इलाज के लिए बड़े शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, क्योंकि अब राजनांदगांव में उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी क्लीनिक सतनाम भवन नया बस स्टैंड राजनांदगांव में उपलब्ध रहेंगे। इससे लोगों को समय और पैसे दोनों की बचत होगी एवं वे स्थानीय स्तर पर ही ईलाज पा सकेंगे। नस, मस्तिष्क एवं स्पाइन रोगों के विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप सिंह आज क्लीनिक में उपलब्ध रहेंगे, जो सिर दर्द, ब्रेन ट्युमर, पैरालाइसिस, दिमाग में खून जमना, नस फटना, दिमाग में चोट, पैरों में जलन, सुन्नपन लगना, रीढ़ की हड्डी में चोट, घुटनों में दर्द, सर्वाइकल या गर्दन में दर्द, कमर दर्द या साइटिका, मिर्गी या बार-बार दौरे पड़ना, याददास्त का कम होना या जाना, नसों की कमजोरी, हाथ एवं पैरों में सुन्नपन, झनझनाहट, पार्कीनसन इत्यादि गंभीर रोगों का इलाज करेंगे। आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी क्लीनिक में किडनी प्रोस्टेट पथरी, मूत्र, कान-नाक-गला, निसंतानता एवं कॉस्मेटिक गायनेकोलॉजिस्ट तथा चर्म रोग विशेषज्ञ समय-समय पर अपनी सेवाएं देते रहते हैं।

### समाज के लिए विशेष शिविर 15 को

**राजनांदगांव।** अग्रवाल सभा एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल के संयुक्त तत्वावधान में समाज के सदस्यों के लिए हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) और लर्निंग लाइसेंस के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य समाज के वाहन धारकों को एक ही स्थान पर सुविधाजनक प्रक्रिया उपलब्ध कराना है, ताकि सभी सदस्य शासन के निर्देशानुसार एचएसआरपी प्लेट लगवा सकें एवं लर्निंग लाइसेंस आसानी से बनवा सकें।

शिविर कल 15 नवंबर को अग्रसेन भवन पुराना बस स्टैंड के पीछे काली माई मंदिर के पास सुबह 10 से शाम 5 बजे तक लगेगा। एचएसआरपी के लिए आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, आरसी बुक, मोबाइल नंबर, निर्धारित शुल्क दोपहिया वाहन 483.80, चारपहिया वाहन 774 एवं ट्रक/बस के लिए 823 रुपए शामिल है। लर्निंग लाइसेंस के लिए आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, लाईव फोटो, शुल्कः टू व्हीलर 420, 2+4 व्हीलर 570 रुपए, लर्निंग लाइसेंस के लिए शिविर में स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य है। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, सचिव आलोक बिंदल कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल तथा नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हर्ष लोहिया व सचिव चैतन्य अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सूरज अग्रवाल ने समाज के बंधुओं से आग्रह किया है कि वे इस शिविर का अधिकाधिक लाभ लें।

## मोहला में किसानों का प्रदर्शन

# फसल खराबः मुआवजा, कर्ज माफी की मांग पर अड़े किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिला मुख्यालय मोहला में जिलेभर के हजारों किसान एकत्र होकर मुआवजा, कर्ज माफी और धान खरीदी की समस्या को लेकर सड़क पर उतरे। बेमौसम बारिश और मोंथा तूफान से खेतों में खड़ी फसल एवं करपा भीगकर खराब हो चुके हैं। जिससे किसान संकट में हैं। गोटाटोला, मोहला, अंबागढ़ चौकी, भोजटोला, वासड़ी, कौड़ीकसा, विचारपुर, खड़गांव, भरीटोला, मानपुर, औंधी, सीतागांव सहित कई गांवों के किसान, पदाधिकारी और कार्यकर्ता धान खरीदी केंद्र मोहला में इकट्ठा हुए और रैली के माध्यम से अपनी आवाज बुलंद किया।

सभा में किसानों ने क्रमवार मंच से अपनी समस्याएं रखी और जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपने के लिए रैली की शक्ल में जिला कार्यालय पहुंचे। प्रदर्शन में मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी, सुरजीत सिंह ठाकुर, अजय राजपूत, उदेराम साहू, पुनाराम गुनेंद्र, मन्नू राणा, घसिया नाग, राजेंद्र जुरेशिया, राजकुमार ध्रुव, बालचंद कोरेटी सहित बड़ी संख्या में किसान नेता मौजूद रहे।



### किसानों की हालत बदतर

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता देवानंद कौशिक ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद से किसानों की स्थिति लगातार बिगड़ी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ना समय पर बीज दे पाती है ना खाद और अब धान खरीदी में भी व्यवस्थाएं ध्वस्त है। बेमौसम बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है, लेकिन मुआवजा मांगने पर सरकार रकबा कटौती कर किसानों के साथ अन्याय कर रही है। उन्होंने मांग की है कि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को तत्काल उचित मुआवजा दिया जाए।

### सरकार पर बरसे विधायक मंडावी

किसान सभा को संबोधित करते विधायक इंद्रशाह मंडावी ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों के एक-एक दाने धान की खरीदी करने के लिए बाध्य है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार उद्योगपतियों की हितैषी है, किसानों की नहीं। धान खरीदी में ना बारदाना उपलब्ध है और ना ही समय पर टोकन। जबकि कोचियों का धान धड़ाधड़ समितियों में बिक रहा है। किसान खाद और डीएपी के लिए भटक रहे हैं और व्यापारी मनमानी कीमत वसूल रहे हैं। भाजपा सरकार किसानों के हित में कोई काम नहीं कर रही है।


### किसानों की प्रमुख मांगे

प्रदर्शन के दौरान किसानों ने कई मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। फसल क्षति का त्वरित एवं सही आंकलन, किसानों का कर्ज माफ, धान की यथास्थिति में खरीदी, वन पट्टाधारी एवं सीलिंग भूमि धारकों का शीघ्र अग्रेस्टेक पंजीयन, गोटाटोला एवं खड़गांव में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की स्थापना, बिजली बिल हॉफ योजना पुनः प्रारंभ, जिले में अवैध शराब एवं नशे पर रोक, मुख्यालय एवं ग्रामीण क्षेत्रों की जर्जर सड़कों की शीघ्र मरम्मत आदि शामिल हैं।

### ज्ञापन देने पर अड़े किसान

रैली के बाद किसान जिला कार्यालय पहुंचे, जहां प्रशासन की ओर से एसडीएम डॉ. हेमेंद्र भुआर्य ज्ञापन लेने पहुंचे, लेकिन किसान कलेक्टर को ही ज्ञापन सौंपने की जिद पर अड़े रहे। भारी नारेबाजी के बीच विधायक मंडावी ने शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली-पानी की बदहाल स्थिति पर सरकार और विभागों की कड़ी आलोचना की।

## आंबा केंद्र की बाउंड्रीवाल गिरी, 11 साल की दिव्यांग बच्ची की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के छुरिया ब्लॉक में एक दर्दनाक हादसे में एक दिव्यांग बच्ची की मौत हो गई। आंगनबाड़ी केंद्र के समीप खेल रही मासूम पर दीवार ढह गई। जिसमें दबने से उसकी मौत हो गई। बताया गया कि आंगनबाड़ी केंद्र से लगे एक गौठान में कुछ निर्माण कार्य चल रहा था। जिससे यह हादसा हुआ।

छुरिया थाना से मिली जानकारी के अनुसार ब्लॉक के ग्राम दामाबंजारी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र से लगा हुआ एक गौठान है। जिसमें स्थानीय स्तर पर शेड निर्माण का काम कराया जा रहा था। इसी कार्य के लिए गड्ढा करने जेसीबी बुलाई गई थी। जेसीबी द्वारा गड्ढा करने के दौरान ही मशीन आंगनबाड़ी केंद्र की बाउंड्रीवाल से जा टकराई। ठोकर के बाद करीबन पांच फीट की बाउंड्रीवाल गिर गई। जिसमें दबने से 11 वर्षीय बालिका गुंजन सहारे की मौत हो गई।

### रोजाना खेलती थी दिव्यांग बच्ची

आंगनबाड़ी केंद्र के पास ही मृतक बच्ची गुंजन सहारे का भी घर है। ऐसे में वे रोजाना ही आंगनबाड़ी केंद्र के समीप खेलने आती थी। हादसे के दौरान भी वह आंगनबाड़ी केंद्र के पास खेल रही थी, तब ही बाउंड्रीवाल गिरने से वह घायल हुई, जिसे तत्काल समीप के स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, लेकिन केंद्र पहुंचने तक उसकी मौत हो गई थी।

### पूर्व विधायक ने लगाए लापरवाही के आरोपी

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पूर्व विधायक छन्नी साहू भी पहुंच गई थी। उन्होंने इस मामले में दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित परिवार को मुआवजे की मांग भी की गई है।

## सिलेंडर चोरी, आरोपियों पर कार्रवाई

- 9 सिलेंडर व एक बाइक बरामद

**राजनांदगांव।** गैस सिलेंडर चोरी करने के मामले में व खरीदने वाले के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने 9 गैस सिलेंडर एवं 1 बाइक भी बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 9 नवंबर को दोपहर कोई अज्ञात चोर घर के अंदर रसोई वाले कमरे में रखे गैस सिलेंडर को चूल्हे से अलग कर ले गया है। जिसके संबंध में आसपास पता किया तो पता चला कि सोमनी व आसपास के गांव से करीबन 8 नग गैस सिलेंडर कीमती 20,000 रुपए का चोरी हुआ है।

प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। सोमनी पुलिस द्वारा तत्काल टीम गठित कर तकनीकी सहयोग से संदेही सलमान खान 38 साल निवासी कन्हैयापुरी चौक कसारीडीह दुर्ग को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर चोरी में उपयोग किए गए एचपी साईन मोटर साइकिल को खैरागढ़ जालबांधा रोड से चोरी करना एवं उसी मोटर साइकिल से अपने साथी नंदू यादव 38 साल निवासी कुंदरापारा पोटियाकला दुर्ग एवं दुर्गेश सागरवंशी 32 साल निवासी कन्हैयापुरी चौक कसारीडीह के साथ मिलकर सोमनी क्षेत्र से 8 नग सिलेंडर को चोरी करना बताए एवं 1 नग सिलेंडर जालबांधा से चोरी करना बताया।



### पुलिस ने की कार्रवाई

आरोपी सलमान के कब्जे से तीन नग गैस सिलेंडर व नगदी रकम 400, आरोपी नंदू यादव के कब्जे से एक नग गैस सिलेंडर एवं आरोपी दिनेश देवांगन 31 वर्ष निवासी कुंद्रपाड़ा पोटियाकला के कब्जे से पांच नग गैस सिलेंडर कुल 9 नग गैस सिलेंडर एवं आरोपी दुर्गेश सागरवंशी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल व नगदी रकम 300 को जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया, जहां से न्यायालय के आदेश पर जेल दाखिल किया गया।

## आतंकवादी घटना का मुस्लिम समाज ने किया विरोध, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दिल्ली में लाल किले के पास हुई आतंकी घटना के खिलाफ मुस्लिम समाज ने विरोध प्रकट करते राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

मुस्लिम समाज ने इस आतंकी घटना का विरोध करते अपने ज्ञापन में कहा कि दिल्ली के लाल किले के पास कार में विस्फोट कर जघन्य आतंकी घटना को अंजाम दिया गया है। जिसके परिणास्वरूप 12 बेकसूर नागरिकों की जान चली गई और सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। इस घटना से राजनांदगांव का मुस्लिम समाज आहत है और जिस कायरता से बेकसूर नागरिकों को निशाना बनाया गया है। उसकी कड़ी शब्दों में निंदा करता है।



### कड़ी कार्रवाई की मांग

शहर जामा मस्जिद के खातिबो इमाम कासिम रजा बरकाती ने कहा कि हम हुकूमते हिन्द से अपील करते हैं कि इस मामले में काड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि इस घटना में जो मारे गए हैं, उनके परिवार के प्रति पूरे देशवासी और मुस्लिम समाज की संवेदना है। ज्ञापन सौंपने के दौरान मोहम्मद इब्राहिम, सैयद अफजल, इमाम बेग, अब्दुल रशीद, मोहम्मद फारूक सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

### आतंकवाद का खत्मा जरूरी

जामा मस्जिद कमेटी के सदर हाजी रईस अहमद शकील ने कहा कि आतंकी अपनी कायराना हरकत से भारत की सामाजिक समरता को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन इन दहशतगर्दों के नापाक इरादों को भारतीय जनमानस कभी पूरा नहीं होने देगा। मुस्लिम समाज ने मांग करते कहा है कि इस घटना की एनआईए जांच कर दोषियों को कठोर सजा दी जाए, ताकि भविष्य में दोबारा ऐसी घटना की पुनर्रावृत्ति न हो। वहीं आतंकवाद के जड़ से खात्मे के लिए केन्द्र ठोस कार्रवाई की जाए।

## घूमंतू, फेरीवालों की पुलिस ने की जांच, संदिग्धों पर निगरानी

**राजनांदगांव।** सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस ने जिले में लगभग 100 से अधिक घुमंतू, फेरीवालों, डेरावालों एवं मुसाफिरों की सघन जांच की। पुलिस द्वारा लगातार संदिग्धों पर पैनी नजर रखी जा रही है। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते 13 नवंबर को राजनांदगांव पुलिस द्वारा बाहर से आए घुमंतू, फेरीवालों एवं मुसाफिरों की सघन जांच की गई।

### आईडी चेक कर पहचान सत्यापित

जांच अभियान के दौरान थाना कोतवाली, लालबाग, छुरिया पुलिस एवं पुलिस चौकी चिखली, मोहारा, तुमडीबोड़ पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना व चौकी क्षेत्र में 100 से अधिक घुमंतू, फेरीवालों एवं मुसाफिरों को चेक कर उनका परिचय पत्र जैसे आधार कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, पेन कार्ड, वोटर आईडी आदि देखकर पहचान सत्यापित किया गया।

### पूछताछ की गई

इस कार्रवाई का उद्देश्य संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखना एवं आपराधिक घटनाओं की रोकथाम सुनिश्चित करना है। अभियान के दौरान क्षेत्र में आने-जाने वाले व्यक्तियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई कि वे कहां से आए हैं, कहां ठहरे हैं, किस काम से घूम रहे हैं, के संबंध में पूछताछ किया गया और उनका दस्तावेज चेक कर सत्यापन किया गया। साथ ही पुलिस ने अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तुरंत निकटतम पुलिस थाने को सूचित करें।

## 82वां दीक्षांत समारोह, नव आरक्षकों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में आज 82वां दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राजनांदगांव रेंज के आईजी अभिषेक शांडिल्य शामिल हुए। इस नवआरक्षक दीक्षांत समारोह में 120 पुरूष प्रशिक्षणार्थी एवं 163 महिला प्रशिक्षणार्थी नव आरक्षक परेड में शामिल हुए।

दीक्षांत समारोह के अवसर पर आईजी अभिषेक शांडिल्य ने संबोधित करते कहा कि आज आपने मातृभूमि की रक्षा तथा देश-सेवा की शपथ ली है। यह अवसर जीवन में एक बार ही आता है। मुझे विश्वास है कि आप शपथ के एक-एक शब्द का पूर्ण समर्पित भाव, निष्ठा एवं निष्पक्षता से पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि यह कर्तव्य निष्ठा की शपथ चुनौतीपूर्ण कार्यों के निष्पादन के समय आपको निर्णय लेने में सहयोग प्रदान करेगा।

इस दीक्षांत परेड कार्यक्रम के अवसर पर उत्कृष्ट प्रशिक्षणार्थियों को मुख्य अतिथि के करकमलों से प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा पुलिस परिवार के लोग और गणमान्य नागरिक शामिल हुए।



### प्रशिक्षण से हुए दक्ष

प्रशिक्षण के दौरान इन प्रशिक्षणार्थियों को शस्त्र के साथ ड्रील बिना शस्त्र के ड्रील, अत्याधुनिक हथियारों की हैंडलिंग, फायरिंग फिल्ड क्राफ्ट एवं जंगल टेक्टिस का गहन प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही कानून एवं अन्य समसामयिक विषयों पर संस्था के अध्यापकों तथा अतिथि व्याख्याताओं के माध्यम से व्याख्यान कराया गया। साथ ही समय-समय पर राज्य के विभिन्न जिलों में इन्हें कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी का व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया है।

### 283 नव आरक्षकों ने ली शपथ

दीक्षांत समारोह के अवसर पर पीटीएस एसपी गजेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा मुख्य अतिथि के परेड सलामी के उपरान्त प्रशिक्षणार्थी नवआरक्षकों को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई एवं प्रशिक्षण संस्था का प्रतिवेदन वाचन किया। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण विद्यालय के इस 82वें नवआरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र में 283 नवआरक्षकों ने बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त किया है। जिसमें 28 प्रशिक्षणार्थी आत्मसमर्पित, 64 प्रशिक्षणार्थी नक्सल पीड़ित, 68 प्रशिक्षणार्थी सहायक आरक्षक, 18 प्रशिक्षणार्थी गोपनीय सैनिक एवं 104 अनुकंपा नियुक्ति से भर्ती हुए हैं।

## ढोल-बाजे में जमकर थिरके भाजपा कार्यकर्ता

# बिहार चुनाव में जीत पर मना जश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बिहार चुनाव में मिली एनडीए को ऐतिहासिक जीत को लेकर भाजपा में जश्न का माहौल है। आज शाम शहर के मानव मंदिर चौक में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाते पटाखे फोड़े। वहीं ढोल बाजे के साथ जमकर थिरके।

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए सरकार को मिले स्पष्ट बहुमत को लेकर आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाते हुए इस जीत को बिहार की जनता, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विकास की जीत बताया। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने कहा कि बिहार की जनता ने बंफर वोट के साथ अपना मोहर लगाया है। एनडीए की सरकार ने बिहार में जंगलराज खत्म किया है। वहीं उन्होंने कहा कि जनता ने जिस भरोसे के साथ अपना बहुमत दिया है, एनडीए सरकार उस पर खरा उतरेगी।




### जनता ने सुशासन पर लगाया मोहर

बिहार चुनाव की जीत को लेकर छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने कहा कि बिहार की जनता ने ऐतिहासिक निर्णय दिया है। जनता ने सुशासन पर मोहर लगाकर एनडीए की सरकार पर विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि एनडीए 200 से अधिक सीट जीत रही है।

### बड़ी संख्या में कार्यकर्ता हुए शामिल

बिहार चुनाव की जीत का जश्न मनाने राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे भी शामिल हुए। आतिशबाजी, ढोल नगाड़ों के बीच भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशियां बांटी। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, सौरभ कोठारी, भारत वर्मा, गोलू गुप्ता, सुमित भाटिया, रवि सिन्हा, शिव वर्मा, रानू जैन, मनोज बैद, अरुण गुप्ता, प्रखर श्रीवास्तव, रघुवीर वाधवा, रघु शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

online Booking:-www.tripuryatra.com



बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 15 नवंबर 2025



### आधा दर्जन विभागों के कर्मचारियों के हाथों होगी खरीदी

## तीन जिले के 66 केंद्रों में होगी बोहनी, खरीदेंगे 16462 क्विं धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इस साल की सरकारी धान खरीदी आज से शुरू होने जा रही है। जिले सहित प्रदेशभर में किसानों से उनकी उपज आज समितियों में खरीदी जाएगी। हालांकि समिति प्रबंधक एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों की हड़ताल का असर जरूर देखने को मिलेगी, लेकिन वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर शासन-प्रशासन ने फिल्ड पर अपने राजस्व, सहकारिता सहित अन्य विभाग के कर्मचारियों को उतार दिया है, जिन्हें आज से खरीदी का जिम्मा दिया गया है।

इधर खरीदी के पहले दिन अविभाजित राजनांदगांव जिले की 174 समितियों में से केवल 66 केंद्र में ही बोहनी की जाएगी। इन 66 केंद्रों में 293 किसानों ने टोकन कटवाया है। जिनसे 16462 क्विंटल धान खरीदा जाएगा। वहीं खरीदी प्रक्रिया के लिए केंद्रों में 9 लाख नए बारदाने भी उपलब्ध करा दिए गए हैं। ज्ञात हो कि सभी किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदा जाएगा। जिसके बदले उन्हें 3168 रुपए की राशि अदा की जाएगी।

**दो दिन देनी पड़ी ट्रेनिंग**

ज्ञात हो कि पिछले एक पखवाड़े से समिति प्रबंधक अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। ऐसे में प्रशासन ने अपने स्तर पर कृषि विभाग के कर्मचारियों को खरीदी के लिए गुरुवार को ट्रेनिंग दी थी, लेकिन गुरुवार देर शाम शासन से नया आदेश जारी हो गया। जिसके तहत राजस्व, सहकारिता जैसे विभाग के कर्मचारियों को खरीदी के लिए तैनात करने कहा गया। ऐसे में शुक्रवार को दोबारा खरीदी की ट्रेनिंग इन कर्मचारियों को देनी पड़ी।





**तीन जिले में 2.39 लाख किसान**

अविभाजित राजनांदगांव जिले में 239281 किसान ने अपना पंजीयन कराया है। इनमें राजनांदगांव जिले के 128410, खैरागढ़ जिले के 68833 और मोहला-मानुपर जिले के 42038 किसान शामिल हैं। इनमें आज राजनांदगांव जिले में 35 केंद्र में 168 किसान से 9461 क्विंटल, खैरागढ़ जिले में 28 केंद्र में 118 किसान से 6765 क्विंटल और मोहला-मानपुर जिले में तीन केंद्र में 7 किसान से 236 क्विंटल खरीदी आज होगी।

## हड़ताल में डटे समिति प्रबंधकों पर एक्शन शुरू, प्रदेश महामंत्री सहित छह बर्खास्त

**राजनांदगांव**। धान शार्टेज, अनुदान सहित चार सूत्रीय मांगों को लेकर 3 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए समिति प्रबंधकों के खिलाफ अब एक्शन शुरू हो गया है। राजनांदगांव, कवर्धा, खैरागढ़ जिले के आधा दर्जन समिति प्रबंधकों को बर्खास्त करने का आदेश जारी कर दिया गया है। इसमें संगठन के प्रदेश महामंत्री भी शामिल हैं। वहीं दूसरी तरफ कार्रवाई की निंदा करते अंदोलनरत संगठन ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। उल्लेखनीय है कि 15 नवंबर से प्रदेशभर में धान खरीदी की प्रक्रिया शुरू होनी है। सहकारी समितियों में समिति प्रबंधक और कम्प्यूटर ऑपरेटर इस खरीदी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन 3 नवंबर से दोनों ही संगठन अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए हैं। कई दौर की बातचीत के बाद भी हल नहीं निकल पाया। जिसके बाद अब शासन और प्रशासन स्तर से कार्रवाई शुरू हो गई है।

**इन पर कार्रवाई**

प्रशासन द्वारा समिति प्रबंधकों को 10 नवंबर को एक नोटिस जारी की गई थी। जिसका तीन दिन के भीतर जवाब देने कहा गया था, परन्तु अंतिम अवधि तक जवाब नहीं दिया गया। जिसके बाद बोरतलाव सहकारी समिति के प्रबंधक ईश्वर श्रीवास, गठुला समिति प्रबंधक किशुन देवांगन, चिल्फी समिति प्रबंधक मनोज चंद्राकर, जिन्दा समिति प्रबंधक धनश्याम चंद्रवंशी, सहसपुर लोहारा समिति प्रबंधक गंगादास मानिकपुरी और पनियाजोब समिति प्रबंधक भीखमचंद जैन को बर्खास्त करने का आदेश जारी किया गया है।

## आवास संगोष्ठी सह-उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत राजनांदगांव जनपद पंचायत के ग्राम जंगलेसर में आवास संगोष्ठी सह-उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वर्ष 2025-26 में आवास निर्माण के लिए स्वीकृत हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही आवास निर्माण के तकनीकी पहलुओं के संबंध में विस्तार से बताया गया। आवास निर्माण के लिए हितग्राहियों को आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया।

कार्यक्रम पश्चात सरपंच, उप-सरपंच, पंच एवं अन्य ग्राम प्रमुखों द्वारा हितग्राही दुग्धीबाई के आवास निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया तथा सभी ने शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ, ब्लॉक समन्वयक, तकनीकी सहायक सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## एसपी ने ली जनरल परेड़ रक्षित केन्द्र का निरीक्षण किया

### परेड ड्रील के लिए 2 पुलिस जवानों को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने रक्षित केन्द्र के विभिन्न शाखाओं का भ्रमण एवं निरीक्षण किया। इस दौरान अच्छी वेशभूषा के लिए 15 एवं परेड ड्रील के लिए 2 पुलिस जवानों को पुरस्कृत किया गया।

पुलिस के अनुसार 14 नवंबर को शुक्रवार के दिन रक्षित केन्द्र में पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा परेड की सलामी ली गई।



**वेशभूषा पर किया पुरस्कृत**

सलामी पश्चात जनरल परेड के दौरान उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों के वेशभूषा का निरीक्षण के दौरान अच्छी वेशभूषा धारण करने वाले 15 जवानों एवं अच्छा परेड़ ड्रील करने वाले 2 जवानों को उत्साहवर्धन के लिए पुरस्कृत किया गया। तदोपरांत मार्चपास्ट के उपरांत पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा रक्षित केन्द्र के विभिन्न शाखाओं जैसे एमटी, आरमोर्री, क्वार्टगार्ड, रोजनामचा, स्टोर शाखा आदि का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया।

**अधिकारी-कर्मचारी रहे उपस्थित**

तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा रक्षित केन्द्र में 22 कर्मचारियों की गुजारिश सुनी गई एवं उन्हें उनकी समस्याओं के जल्द निराकरण का आश्वासन दिया गया। जनरल परेड के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर, डीएसपी तनुप्रिया ठाकुर, रक्षित निरीक्षक लोकेश कुमार कसेर सहित थाना व रक्षित केन्द्र के 126 अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## कबाड़ी की चेकिंग, संचालक पर कार्रवाई

**राजनांदगांव**। पुलिस ने कबाड़ी दुकान की जांच पड़ताल कर संचालक के खिलाफ सोमनी पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन, नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के पर्यवेक्षण में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाने हेतु बदमाशों की चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

**प्रतिबंधात्मक कार्रवाई**

अभियान के तहत थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव के नेतृत्व में कबाड़ी संचालक राजू खान उर्फ इम्तिहार खान द्वारा चोरी का सामान रखे होने की सूचना पर कबाड़ी




को चेकिंग किया गया। जिसके संबंध में कबाड़ी संचालक को पूछताछ करने पर संतोषजनक दस्तावेज एवं जवाब नहीं दिए जाने पर वैधानिक कार्रवाई करते हुए कबाड़ी संचालक राजू खान उर्फ इम्तिहार खान ग्राम टेड़ेसरा को गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते न्यायालय में पेश किया गया।

## 75 युवा आपदा मित्रों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में 800 युवा आपदा मित्रों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रथम चरण में युवा आपदा मित्र योजना के तहत क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र बरगा में 75 युवा आपदा मित्रों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एनडीआरएफ, जिला सेनानी नगर सेना, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, आपदा मित्र मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रथम चरण का प्रशिक्षण 16 नवंबर 2025 तक दिया जाएगा।




## खबर संक्षेप

### जय मां महामाया बोल बम समिति ने श्री हनुमत मंदिर निर्माण का किया भूमि पूजन



**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम कान्हाभैरा में जय मां महामाया बोल बम समिति के सदस्यों के द्वारा अत्यंत पुरानी व प्राचीन हनुमान निर्माण कार्य के लिए भव्य मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया। जिसमें आचार्य प्रशांत शर्मा ने बताया कि स्वयंभू नागेश्वर महादेव की पावन नगरी कान्हाभैरा है जहां सन 2002 में महादेव नदी की धार में प्रगट हुए थे, प्रति वर्ष उसी स्थान में फागुन त्रयोदशी (तेरस) में भव्य मेला का आयोजन होता है, उसी स्थान में श्री हनुमान जी की मंदिर का निर्माण समिति व समस्त ग्रामवासी कान्हाभैरा के द्वारा मंदिर निर्माण कार्य किया जाएगा।

### सिंघनपुरी-गोछिया मे एफएलएन बाल मेला आयोजित

**कवर्धा।** एफएलएन बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता पर आधारित शिक्षा मेला जिसमे शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला सिंघनपुरी-गोछिया में कक्षा पहली से तीसरी के छात्र छात्राओं द्वारा टीएलएम शिक्षण सहायक सामग्री द्वारा स्वयं करके सीखने के अवसर प्रदान करता है। जिसमें बड़ी संख्या मे पालक गण उपस्थित थें। वहीं व्याख्याता डाइट सुदर्शन नेताम द्वारा मेले का अवलोकन किया प्रधान पाठक अजय कौशिक, राजेश कुम्भकार, संकुल समन्वयक रामफल कौशिक, अनुज पटेल, सूर्यकान्त कुम्भकार, हेमा नेताम व रामेश्वरी उइके व शिक्षकों के सहयोग से कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

**सौगात : ग्रामीण क्षेत्रों में सीसी रोड, स्कूल सुविधाएं और सड़क नवीनीकरण के कार्यों को मिली गति**

# विधायक भावना बोहरा ने किया करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

विधानसभा क्षेत्र पंडरिया में विकास कार्यो को रफ्तार देने के उद्देश्य से विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने गुरुवार को विकासखण्ड पंडरिया एवं पाण्डातराई मण्डल अंतर्गत कई ग्राम पंचायतों में लाखों रुपए के विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। जिसमें ग्राम पलानसरी व जंगलपुर में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन, विधायक श्रीमती बोहरा ने ग्राम पंचायत पलानसरी में लागत राशि 10.40 लाख रुपए से निर्मित होने वाली सीसी रोड निर्माण के कार्यस्थल पर विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। साथ ही ग्राम पंचायत जंगलपुर में भी 10.40 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सीसी रोड का भूमिपूजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित थें। इस अवसर पर जिला मंत्री सुरेश दुबे, जिला पंचायत सदस्य राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे, प्रदीप पुरी गोस्वामी, भागीरथी साहू, बालमुकुंद चंद्रवंशी, कृष्णा चंद्राकर, श्रीमती सरिता सोनी, शांति बंजारे, उतरा साहू, मीनाक्षी ठाकुर, गीताराम साहू, अमन खनूजा, हरीश चंद्रवंशी, अमित चंद्रवंशी, दिलीप चंद्रवंशी, सुधाराम साहू, श्रवण चंद्रवंशी, मोहन चंद्रवंशी, शेखर चंद्रवंशी, सूरज यादव, मुरली चंद्राकर सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, ग्रामीण एवं क्षेत्रवासी गण उपस्थित थे।

### मोहगांव में सीसी रोड का लोकार्पण व छात्राओं को सायकिल वितरण किया



ग्राम पंचायत मोहगांव में 11.30 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित सीसी रोड का विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने लोकार्पण किया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहगांव की छात्राओं को निःशुल्क सायकिल वितरित की गई। वहीं जंगलपुर–कुम्ही मोड़ सड़क नवीनीकरण को मिला आश्वासन जंगलपुर के ग्रामीणों की मांग पर विधायक ने जंगलपुर से कुम्ही मोड़ तक पीडब्ल्यूडी सड़क के नवीनीकरण का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने लंबे समय से इस मार्ग के उन्नयन की मांग की थी। ग्रामीणों से आत्मीय मुलाकात में क्षेत्र समस्याएं सुनीं, भूमिपूजन व लोकार्पण कार्यक्रमों के पश्चात विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने ग्रामीणों, विशेषकर बुजुर्गों से आत्मीयता से मुलाकात की। उन्होंने हालचाल जाना और ग्राम की बुनियादी समस्याओं पर गंभीरता से चर्चा की। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ग्रामीण क्षेत्रों की आधारभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा।

# गुरुकुल स्कूल में बाल दिवस पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता व आनंद उत्सव मेला आयोजित



■ कक्षा 6वीं से 12वीं के छात्राओं ने विविध व्यंजनों से पंडाल सजाया।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नगर की प्रतिष्ठित अंग्रेजी माध्यम संस्था गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा में कक्षा नर्सरी से कक्षा 5वीं तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों का फैशन शो प्रतियोगिता व कक्षा 6वीं से 12वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा उत्सव आनंद मेला का नयनाभिराम आकर्षक व भव्य रूप में आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर संस्था के समस्त पदाधिकारी व निदेशकगण शाला के प्राचार्य समस्त शिक्षक -शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं व अधिकांश संख्या में पालकगण एवं गणमान्य नागरिक गण उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

फैशन शो-प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में मीनू अग्रवाल, आरती गुप्ता, प्रिया केशरवानी, अजली चंद्रवंशी, नीलम पारख, शिखा जैन तथा मेघा यादव ने निर्णायक के रूप में अपनी महती भूमिका निभाई तथा उत्सव फन फेयर के विशिष्ट अतिथि के रूप में दीप शर्मा तथा आकाश आहुजा सदस्य कैट, कवर्धा मंचासीन थे। अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथियों के कर कमलों द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर पूजन वंदन के साथ हुआ। वहीं नन्हें-मुन्ने बच्चों ने विविध रंगारंग व आकर्षक परिधानों से सुसज्जित होकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। जिसमें कक्षा 6वीं से 12वीं के छात्र-छात्राओं ने विविध व्यंजनों से पंडाल सजाकर अपनी पाक कला का प्रदर्शन कर सभी को रसास्वादन कराकर स्वर्णिम इतिहास रचकर उत्कृष्ट ज्वलंत उदाहरण प्रस्तुत किया।

फैशन शो प्रतियोगिता में नन्हे मुन्ने बच्चों ने बहुरंगी पोशाक धारण कर विविध किया कलापों के द्वारा दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। सफल प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम व सांत्वना पुरस्कार विशिष्ट अतिथियों द्वारा प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस शुभ अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा उत्सव फन मेला में आकर्षक खेलों का भी आयोजन किया गया, मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम की सराहनीय की। समस्त विशिष्ट अतिथियों को शाला का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। शाला के प्राचार्य मनोज राय ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा विद्यालय प्रबंधन को बधाईयां देते हुए कहा की बच्चों के लिए फैशन शो प्रतियोगिताएं स्कूल में नर्सरी से 5वीं तक के लिए एक लोकप्रिय गतिविधि है। बच्चे उत्सुकता से इसका इंतजार करते है। यह प्रतियोगिता नन्हे, मुन्ने बच्चों को मजेदार अनुभव के साथ जोड़ती है, जो कि आत्म विश्वासी बनने का पहला कदम है। विविध व्यंजनों को बनाना छात्र-छात्राओं के लिए जीवन जीने की महत्वपूर्ण कला है। उत्सव फन मेला की व्यवस्था व जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी लगन निष्ठा के साथ विद्यालयीन परिवार द्वारा किया गया।

शाला के मिडिया प्रभारी ने बतलाया कि पूरे शहर में गुरुकुल के इन कार्यक्रमों की सकरात्मक चर्चा हो रही है। इस मनमोहक, आकर्षक नयनाभिराम कार्यक्रम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संस्था के अध्यक्ष, समस्त पदाधिकारीगण ने कहा कि भविष्य में विद्यार्थियों के हित में विद्यालय अपने संसाधनों का अधिकतम उपयोग करेगा जो कि संस्था का एकमेव ध्येय है।

### बाल सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला घोठिया में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**हरिभूमि कवर्धा।** कबीरधाम पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के निर्देशन में महिला थाना कवर्धा द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला घोठिया में बाल सुरक्षा सप्ताह के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को बाल सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। बच्चों को बाल विवाह की रोकथाम, साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, ठगी होने पर 1930 हेल्पलाइन, पोक्सो एक्ट, दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, गुड टच–बैड टच, अभिव्यक्ति एप और यातायात नियमों के पालन जैसे मुद्दों पर जागरूक किया गया। उन्हें दैनिक जीवन में होने वाली संभावित जोखिमों के बारे में सरल भाषा में समझाया गया तथा सही समय पर जागरूकता और सतर्कता अपनाने की सलाह दी गई। विद्यालय की शिक्षिकाओं को भी महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों, कानूनी अधिकारों और उपलब्ध सहायता तंत्र के बारे में जानकारी दी गई, जिससे वे न केवल स्वयं जन-जागरूक रहें बल्कि छात्राओं को भी सुरक्षित वातावरण प्रदान कर सकें। कार्यक्रम में महिला थाना कवर्धा प्रभारी निरीक्षक भुवनेश्वरी साहू, सहायक उप निरीक्षक देमन टेकाम, महिला आरक्षक रजनी टोप्पो, महिला आरक्षक रुखमणी मेरावी, विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती निभा मिश्रा, शिक्षिका सीता चंद्रवंशी, वर्षा केशरवानी तथा अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थें, कबीरधाम पुलिस द्वारा बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आगे भी निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

# नेवारीगुढ़ा में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

कवर्धा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत नेवारीगुढ़ा आंगनबाड़ी में 14 नवंबर को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन बाल दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रार्थना सभा से किया गया। आंगनबाड़ी शिक्षक केशर डाहिरे, चम्पा कोसरिया ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे जवाहर लाल नेहरू को प्यार से चाचा नेहरू कह कर बुलाते थे और नेहरू भी उनसे बहुत प्यार करते थे। नेहरू एक महान व्यक्ति और नेता होने के बाद भी बच्चों से मिलते थे। इस कारण से उनका जन्मदिन बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान छात्र छात्राओं ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नन्हें विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों ने भी कार्यक्रम का आनंद लिया। चाचा नेहरू की याद में अध्यापकों के द्वारा बाल मेले का आयोजन किया गया, विद्यालय में कई प्रकार की स्टॉलों को लगाया गया, जिसमे खाने-पीने के साथ मनोरंजन के लिए गेम्स तथा अन्य स्टॉल भी लगाए गए, जिसका उद्घाटन नन्हे विद्यार्थियों ने किया। आंगनबाड़ी संचालन समिति एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं कार्यालय प्रबंधन समिति तथा विद्यार्थियों को बाल दिवस की बधाई दी।

# कुसियारी में बाल दिवस कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

पूरे प्रदेश में 14 नवंबर बाल दिवस व भारत देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं जवाहरलाल नेहरू की जयंती व कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। वहीं शासकीय प्राथमिक शाला कुसियारी में बाल दिवस मनाया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ आधुनिक भारत के निर्माता व भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं जवाहरलाल नेहरू की व मां सरस्वती के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना कर किया। बाल दिवस के अवसर पर बच्चों द्वारा गीत संगीत, कविता, भाषण, पहाड़ा सुनाया गया। वहीं कार्यक्रम के मुख्यातिथि युवा समाजसेवी ग्रामीण क्षेत्र अशोक मरावी ने सभी बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं और कहां कि 14 नवंबर भारत में बाल दिवस मनाया जाता हैं। यह दिन सिर्फ एक उत्सव नहीं, बल्कि हमारे समाज को यह याद दिलाने का अवसर है कि बच्चे हीं देश का भविष्य हैं उनकी मुस्कान, मासूमियत और सपने हीं भारत की असली ताकत है। बाल दिवस




हमें याद दिलाता है कि बच्चों को सिर्फ सुरक्षा नहीं, बल्कि सम्मान और अवसर भी मिलने चाहिए उनकी हंसी हीं देश की सबसे बड़ी पूंजी है जिसे सहेजना हम सबका कर्तव्य हैं, उन्होने बताया कि नेहरू जी का मानना था कि बच्चे हीं वह मिट्टी है जिससे भविष्य इमारत बनती है। उनकी सोच थी कि बच्चों को केवल पढ़ाई ही नहीं बल्कि स्वतंत्र सोचने और सपने देखने की आजादी भी मिलनी चाहिए। इस अवसर पर स्कूल के प्रधान पाठक बुद्धराम धुर्वे, शिक्षक श्याम सिंह व गांव के वरिष्ठ लोग एवं समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना से मिली राहत

**हरिभूमि कवर्धा।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना ने आमजन के जीवन में नई रोशनी ला दी है। इस योजना ने न केवल लोगों को बिजली बिल के बोझ से मुक्ति दिलाई है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी बड़ा कदम बढ़ाया है। योजना के तहत केंद्र सरकार द्वारा 78 हजार रुपए की सब्सिडी और राज्य सरकार द्वारा 30 हजार रुपए की अतिरिक्त सहायता दी जा रही है। यानि अब लोग आधे दाम में अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगवा पा रहे हैं। इतना ही नहीं, सरकार की ओर से फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे आम परिवार भी आसानी से सोलर पैनल लगवा सकें। जिले के श्याम नगर निवासी श्रीमती देवकुमारी सोम ने इस योजना का लाभ उठाकर अपने घर की छत पर 3 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल लगवाया है। उनके पुत्र देवेन्द्र सोम बताते हैं कि उन्होंने पीएम सूर्य घर योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन किया था। सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद सोलर पैनल उनके घर की छत पर सफलतापूर्वक स्थापित किया गया। उन्होने बताया कि सोलर सिस्टम लगने के एक महीने के अंदर ही सरकार की ओर से 78 हजार रुपए की सब्सिडी सीधे हमारे बैंक खाते में आ गई। कुल मिलाकर 3 किलोवाट सोलर सिस्टम लगाने में लगभग 1 लाख 80 हजार रुपए की लागत आई थी। पहले हर महीने लगभग 400 यूनिट बिजली खपत होती थी, लेकिन अब सोलर पैनल लगने के बाद पिछले 10 महीनों में औसतन 350 से 370 यूनिट बिजली का उत्पादन घर पर ही हो रहा है। अब ठंड के मौसम में तो बिजली बिल माइनस में आ रहा है और गर्मी के लिए अतिरिक्त यूनिट समायोजन हो रही है।

# एनडीए की ऐतिहासिक जीत, बिहार की प्रगति के लिए जनता की प्रतिबद्धता का प्रतीकः भावना

**पीएम के नेतृत्व उनकी गारंटी व उभरते हुए नए बिहार के भविष्य में जन-जन का अटूट विश्वास**

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन ने ऐतिहासिक जीत



हासिल करते हुए फिर एक बार एनडीए सरकार के अपने नारे को सिद्धि तक पहुंचाने में कामयाब हुई है। भारतीय जनता पार्टी और उनकी सहयोगी पार्टियों ने चुनाव में एक तिहाई से अधिक बहुमत हासिल करते हुए एक बड़ी जीत दर्ज की है, वहीं महागठबंधन को एक बार फिर से बड़ी हार का सामना करना पड़ा है।

भाजपा और एनडीए गठबंधन को मिली इस ऐतिहासिक जीत पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार की जनता ने एक बार फिर अपने जनादेश से यह सिद्ध कर दिया है कि वह विकास, स्थिरता और सर्वसमावेशी प्रगति के मार्ग पर अटूट विश्वास रखती है।

यह परिणाम सिर्फ चुनावी जीत नहीं, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, उनकी गारंटी और उभरते हुए नए बिहार के भविष्य में जन-जन का अटूट विश्वास है। इस विश्वास के लिए बिहार की जनता का कोटि-कोटि आभार। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में एनडीए गठबंधन को मिली। इस ऐतिहासिक जीत के लिए एनडीए के सभी विजयी प्रत्याशी, समर्पित कार्यकर्ताओं को भी हार्दिक बधाई। आपकी मेहनत, आपका समर्पण और आपकी प्रतिबद्धता ही इस ऐतिहासिक विजय की असली शक्ति है।

उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने एक बार पुनः बिहार के विकास, महिला के सशक्तिकरण, युवाओं के रोजगार, किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने सहित प्रदेश में विकास व अधोसंरचना निर्माण को गति देने के लिए सुशासन की सरकार चुना है। विपक्षी पार्टियों ने कई भ्रम फैलाए, चुनाव में जितने के लिए प्रधानमंत्री की माताजी का अपमान किया, कई झूठे वादे लेकर जनता के बीच गए, लेकिन जनता सब जानती है कि ये सिर्फ विपक्षियों के चुनावी वादें हैं जो जमीनी हकीकत पर नहीं उतरते। पर मोदी की गारंटी मतलब गारंटी पूरी होने की गारंटी होती है, वो जो कहते हैं उसे जरुर पूरा करते हैं। बिहार की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी। मोदी जी द्वारा बिहार के लिए विशेष पैकेज मिलने से युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिल रहें हैं, महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया जा रहा है, रेल सुविधाओं का विस्तार हुआ है, इंफ्रास्ट्रक्चर में क्रांति आई है, उर्जा और सिंचाई के लिए किसानों को पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित हुआ है, हवाई कनेक्टिविटी सुदृढ़ हुई है।

### सोनपुर विधानसभा के समस्त कर्मठ पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के प्रति जताया आभार

भावना बोहरा ने कहा कि बिहार की जनता इन सभी परिवर्तन से भली भांति परिचित है, उन्होंने प्रधानमंत्री और एनडीए सरकार की घोषणाओं और योजनाओं को जमीनी हकीकत में पूरा होते देखा है। इन्हीं परिवर्तनकारी नीतियों से एक बार पुनः एनडीए गठबन्धन बिहार में ऐतिहासिक जीत हुई है। मुझे खुशी है कि जीत का मुझे भी माध्यम बनने का केन्द्रीय नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व छत्तीसगढ़ प्रदेश नेतृत्व ने सोनपुर विधानसभा प्रभारी के रूप में मुझे जिम्मेदारी दी और आज वहां से भी भाजपा प्रत्याशी विनय कुमार सिंह ने भी बड़े अंतर से जीत हासिल की है मैं उन्हें व सोनपुर विधानसभा के समस्त कर्मठ पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को बधाई देती हूँ साथ ही सोनपुर विधानसभा की जनता जिन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान मुझे अपने परिवार के सदस्य की भांति स्नेह और समर्थन दिया मैं उनके इस विश्वास के लिए हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ। हमें पूरा विश्वास है कि आने वाले वर्षो में बिहार की जनता से किए हर एक वादों को सुशासन और विकास की पहचान एनडीए सरकार अक्षरशः पूरा करते हुए बिहार की महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं के रोजगार, किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और एक नए, आत्मनिर्भर व विकसित बिहार को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएंगे।

**तीन दिवसीय स्पर्धा में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा**

# कुई-कुकदुर में जोन स्तरीय बाल कौशल प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭कुई कुकदूर

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत जोन के कुई–कुकदुर में आयोजित जोन स्तरीय बाल कौशल प्रतियोगिता-2025 का समापन समारोह बुधवार को हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने मेहंदी, रंगोली, विज्ञान मॉडल, खेल-कूद, वार्तालाप, सामान्य ज्ञान सहित अनेक विधाओं में अपने कौशल का प्रदर्शन किया।



समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत कबीरधाम की सभापति श्रीमती दीपा पप्पू धुर्वे उपस्थित थें, कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कुकदुर बसंत वाटिया ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में दीपक सलुजा, दशरथ कुंभकार, धनंजय लहरे सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं सरपंचगण उपस्थित थें। कार्यक्रम में स्वागत विकासखंड शिक्षा अधिकारी महेन्द्र गुप्ता, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी दीपक ठाकुर तथा शिक्षा विभाग के सभी संकुल प्रभारी एवं संकुल समन्वयकों द्वारा किया गया। कई विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य भी उपस्थित थें।

मुख्य अतिथि श्रीमती दीपा धुर्वे ने बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि गांवों के बच्चे यदि मंच और अवसर पाएं तो किसी भी स्तर की प्रतियोगिता में अपना कौशल साबित कर सकते हैं। उन्होंने शिक्षकों की मेहनत और अभिभावकों के सहयोग को कार्यक्रम की सफलता का आधार बताया। तत्पश्चात रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों ने समूह नृत्य, देशभक्ति गीत, लोकनृत्य और मंच अनुशासन से उपस्थित सभी अतिथियों को प्रभावित किया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को श्रीमती धुर्वे द्वारा अपने परिजन की स्मृति में शील्ड प्रदान किया गया। वहीं धनंजय लहरे सरपंच कुई द्वारा एकल पुरस्कार प्रदान किया गया। अंत में संकुल समन्वयक सभाजीत सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए सभी अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को कार्यक्रम की सफलता के लिए आभार व्यक्त दिया। कार्यक्रम का संचालन सुगठित व प्रभावशाली ढंग से किया गया, जिससे पूरा समारोह अनुशासन और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ।

## धान खरीदी: सेवा सहकारी समितियों की बेमुद्दत हड़ताल के बीच प्रशासन ने की वैकल्पिक व्यवस्था

# जिले की 108 सेवा सहकारी समितियों में धान खरीदी का श्रीगणेश आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रदेश सहित जिले की सेवा सहकारी समितियों में कार्यरत कर्मचारियों की बेमुद्दत हड़ताल के बीच राज्य शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का श्री गणेश 15 नवम्बर से किया जा रहा है। जिला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार सेवा सहकारी समिति के कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण सभी समितियों में वैकल्पिक व्यवस्था कर धान खरीदी की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिले के सभी धान खरीदी केन्द्रों में बारदाना पहुंचा दिए गए हैं साथ ही केन्द्रों में बिजली, पानी, सुरक्षा व्यवस्था सहित किसानो के लिए अन्य सुविधाओं के इंतजाम भी किए गए है। वहीं जिला प्रशासन द्वारा पारदर्शी व व्यवस्थित ढंग से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर पैनी नजर रखी जा रही है। धान के अवैध परिवहन तथा भण्डारण पर विशेष रूप से प्रशासन द्वारा गठित जांच टीमों द्वारा नगर रखी जा रही है और कार्यवाही भी की जा रही है। गौरतलब है कि इस बार राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर काफी सतर्कता बरती जा रही है। साथ ही सुविधा पूर्ण ढंग से धान खरीदी पर भी जोर दिया जा रहा है। कबीरधाम जिले की बात की जाए तो जिले में कुल 108 धान खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं। जहां आज से शासन के नियमानुसार जिले के किसानों से समर्थन मूल्य में धान खरीदी प्रारंभ की जाएगी।



### प्रशासन के सामने कई चुनौतियां

जिले में बीते वर्ष की समर्थन मूल्य में धान खरीदी की स्थिति को देखा जाए तो प्रशासन के सामने कई चुनौतियां खड़ी दिखाई दे रही है। सबसे बड़ी चुनौती तो यही है कि फिलहाल सेवा सहकारी समिति के कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है और प्रशासन को 15 नवम्बर से वैकल्पिक व्यवस्था के तहत खरीदी की शुरूआत करनी पड़ रही है। वहीं इसके अलावा समितियों में समय पर बारदाना की उपलब्धता, समय पर धान का उठाव और उसकी सुरक्षा, किसानो को समय पर टोकन वितरण जैसी कई चुनौतियां है। माना जा रहा है कि इन चुनौतियों पर विशेष ध्यान दिख जाएगा तथा निर्वाद्ध गति से धान खरीदी की जा सकती है।

### धान खरीदी में सुगमता के लिए 'तुहर टोकन मोबाइल एप' प्रारंभ

किसानों को धान विक्रय के लिए सुगम एवं बेहतर व्यवस्था प्रदाय किए जाने खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में 'तुहर टोकन मोबाइल एप' प्रारंभ किया गया है। इस एप के माध्यम से किसानों को घर बैठे धान विक्रय हेतु टोकन की व्यवस्था उपलब्ध होगी, जिससे समितियों में लंबी कतारों से मुक्ति मिलेगी। यह मोबाइल ऐप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। इस ऐप में किसानों को सर्वप्रथम आधार आधारित ओटीपी के माध्यम से पंजीयन करना होगा। किसान प्रतिदिन सुबह 8 बजे से इस ऐप के माध्यम से टोकन हेतु आवेदन कर सकेंगे। खाद्य सचिव श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने जानकारी दी कि धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुविधा को ध्यान में रखते हुए, सीमांत कृषक (2 एकड़ या 2 एकड़ से कम भूमि) को अधिकतम 1 टोकन, लघु कृषक ( 2 से 10 एकड़ तक) को अधिकतम 2 टोकन तथा दीर्घ कृषक (10 एकड़ से अधिक) को अधिकतम 3 टोकन प्रदान किये जायेंगे। नया टोकन बनाने हेतु समय-सीमा रविवार से शुक्रवार तक (प्रातः 8.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक) निर्धारित की गई है। जारी टोकन आगामी 07 खरीदी दिवसों के लिए मान्य रहेंगे। धान खरीदी केन्द्र की प्रतिदिन की खरीदी सीमा का 70 प्रतिशत हिस्सा मोबाइल एप के माध्यम से टोकन हेतु आरक्षित रहेगा। इस 70 प्रतिशत में से लघु एवं सीमांत कृषक हेतु 80 प्रतिशत तथा दीर्घ कृषक हेतु 20 प्रतिशत का आरक्षण किया गया है। उदाहरण स्वरूप यदि किसी उपार्जन केन्द्र की प्रतिदिन की खरीदी सीमा 1000 क्विंटल है, तो मोबाइल ऐप हेतु आरक्षित 700 क्विंटल में से 560 क्विंटल लघु एवं सीमांत कृषकों हेतु तथा 140 क्विंटल दीर्घ कृषकों हेतु आरक्षित रहेगा। शेष 30 प्रतिशत टोकन सोसाइटी स्तर पर भी किसानों हेतु उपलब्ध रहेंगे, जिससे सभी वर्ग के किसानों को धान विक्रय हेतु सहज और सुगम व्यवस्था प्राप्त हो सके।




## सहकारी समितियों की हड़ताल से अंचल के अधिकांश केन्द्रों में ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭कोदवागोडान

एक ओर जहां सेवा सहकारी समितियों के कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के चलते अंचल के धान खरीदी केन्द्रों में तालाबंदी और सन्नाटा पसरा हुआ है, वहीं दूसरी ओर कोदवागोडान धान खरीदी केंद्र ने कल, 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने की लगभग पूरी तैयारी कर ली है। यह केन्द्र किसानों के लिए उम्मीद की एकमात्र किरण बनकर उभरा है। मिली जानकारी के अनुसार, अंचल के बहुसंख्य केन्द्र, जिनमें कामठी, सरईसेत, दुल्लापुर, नवागांव टिकैत और बाघामुड़ा जैसे केंद्र शामिल हैं, समिति प्रभारियों के हड़ताल पर होने के कारण बंद पड़े हैं। इन परिस्थितियों में, प्रशासन द्वारा धान खरीदी केन्द्रो पर वैकल्पिक व्यवस्था के तहत अन्य विभागों के शासकीय सेवकों को प्रभारी नियुक्त करने की कवायद शुरू कर दी गई है।

### शासकीय सेवक प्रभारी होने का फायदा

कोदवा गोडान धान खरीदी केन्द्र की तैयारियां इसलिए पूरी हो सकी हैं, क्योंकि इस साल इसके प्रभारी एक शासकीय सेवक हैं। केन्द्र प्रभारी और सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक गौरव परिमल ने बताया कि उन्होंने अपने व्यक्तिगत प्रयासों से स्थानीय स्तर पर आवश्यक सेवा वाले कर्मचारियों और संसाधनों की व्यवस्था कर ली है। केन्द्र प्रभारी के मुताबिक समिति में 22,500 बारदाने भी आ चुके हैं, जिससे खरीदी सुचारू रूप से शुरू होने की संभावना है।

### वैकल्पिक व्यवस्था पर जोर

सूत्रों के हवाले से जानकारी मिली है कि हड़ताल से प्रभावित खरीदी व्यवस्था को देखते हुए आज जिला मुख्यालय कवर्धा में प्रशासन द्वारा एक आवश्यक बैठक रखी गई है। इस बैठक में प्रभावित केंद्रों पर वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में अन्य विभागों के शासकीय सेवकों को प्रभारी नियुक्त करने पर अंतिम निर्णय लिया जा रहा है। बहरहाल,इतना तो स्पष्ट है कि बहुसंख्य केंद्रों में हड़ताल के कारण कल की तारीख 15 नवंबर में धान खरीदी शुरू होने की संभावना नजर नहीं आ रही है।

## खबर संक्षेप

### गांजा व प्रतिबंधित दवाइयां की गई नष्ट

**कवर्धा।** कवर्धा। जिला पुलिस प्रशासन द्वारा विभिन्न मामलों में जप्त किए गए गांजा व प्रतिबंधित दवाइयों को शुक्रवार को बकायदा कानूनी प्रक्रिया के तहत नष्ट किया गया। विभागीय जानकारी के मुताबिक न्यायालय के आदेश के तहत जिला पुलिस प्रशासन द्वारा 1 करोड़ 23 लाख रुपए से अधिक मूल्य के 6 क्विंटल से अधिक गांजा व प्रतिबंधित दवाइयों का भस्मीकरण किया गया। जो निश्चित रूप से अवैध नशा माफियाओं के लिए एक कड़ा संदेश है।

### डीएवी पब्लिक स्कूल में मनाया गया बाल दिवस

**कवर्धा।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल लड़ुवा में बाल दिवस पर विज्ञान प्रदर्शनी, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, फन्नफेयर, ओलम्पियाड एवं पुरस्कार वितरण समारोह के साथ भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विज्ञान प्रदर्शनी से हुई, जहां छात्रों ने नवीकरणीय ऊर्जा, अंतरिक्ष, पर्यावरण संरक्षण, जल-संरक्षण, मानवीय शरीर-रचना आदि विषयों पर मॉडल, चार्ट और लाइव डेमो प्रस्तुत किए। छात्रों की रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच को देखकर विद्यालय के अतिथि, अभिभावक व शिक्षक प्रभावित हुए। इसके बाद फैंसी-ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों ने वैज्ञानिकों, स्वतंत्रता सेनानियों, सामाजिक नायकों, देव-पौराणिक पात्रों और पर्यावरण योद्धाओं की वेशभूषा धारण कर मंच पर शानदार प्रस्तुति दी। बच्चों की आत्मविश्वास-पूर्ण प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। इसी दौरान विद्यालय में ओलम्पियाड परीक्षा का भी आयोजन किया गया, जिसमें गणित, तार्किक क्षमता और सामान्य ज्ञान जैसे विषयों में छात्रों का मूल्यांकन किया गया।

## जिलें के ग्रामीण इलाकों में धान मिंजाई के कारण विद्युत लाइनों में ब्रेकडाउन की आ रही है शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट द्वारा उच्चदाब एवं निम्नदाब विद्युत लाइनों में आ रही व्यवधान को दृष्टिगत रखते हुए कबीरधाम जिलें समस्त कृषक उपभोक्ताओं से विघुत लाइनों के निकट धान मिसाई के कार्य को नही करने की अपील की गई है। गौरतलब है कि किसानों के द्वारा अपने धान के फसलों की कटाई कर मिसाई के कार्य को कराया जा रहा है। इस दौरान गांवों, खेत खलियानों में विद्यमान उच्चदाब एवं निम्नदाब विद्युत लाइनों के नीचे धान फसल की मिसाई का कार्य थ्रेसर मशीन के माध्यम से कर रहें हैं, धान मिसाई से उड़ने वाला पैरा/भूसा विद्युत लाइनों में चिपक कर रात में ओस आने के कारण नमी से लाइनों में फेस टू फेस संपर्क होने से विद्युत लाइनों में व्यवधान उत्पन्न हो रहें हैं जिससें निर्बाध विद्युत व्यवस्था बनाये रखने में अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। इसी के मद्देनजर बिजली विभाग द्वारा किसानों से जागरूकता एवं सतर्कता बरतते हुए विद्युत व्यवधान एवं विद्युत दुर्घटना से बचने हेतु विद्युत खम्बों, लाईनों तथा ट्रांसफार्मरों के निकट धान मिसाई के कार्य को नही करने की समझाईश दी गई है। कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने बताया कि कबीरधाम जिले के विकासखण्ड सहसपुर लोहारा, बोड़ला, पंडरिया एवं कवर्धा के ग्रामीण क्षेत्रों के खेत खलियानों से गुजरे हुए 33 केव्ही लाइनों, 11 केव्ही लाइनों एवं एलटी लाइनों के नीचे या आसपास किसानो द्वारा थ्रेसर मशीन से धान मिसाई कार्य से होने वाले विद्युत व्यवधान के निराकरण के लिए मैदानी अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिवों को इस संदर्भ में मुनादी कराने के लिए अपील की गई हैं ताकि विद्युत लाइनों एवं वितरण ट्रांसफार्मरों में धान मिसाई से उड़ने वाला पैरा/भूसा ना चिपके और ना कोई विद्युत व्यवधान उत्पन्न हो।



## नवघटा की स्कूली छात्राओं को वितिरत की गई नि:शुल्क सायकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

विकासखण्ड कवर्धा के ग्राम नवघटा स्थित हाई स्कूल में जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू द्वारा सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत करीब 30 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं नियमित रूप से विद्यालय पहुंचने के लिए प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू ने कहा कि शिक्षा ही विकास की कुंजी है और छात्राओं को शिक्षा के लिए सक्षम वातावरण उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। साइकिल वितरण से छात्राओं में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी और उनकी शिक्षा में निरंतरता बनी रहेगी। शासन की इस योजना से लाभान्वित छात्राओं में खुशी देखने को मिली। इस अवसर पर जनभागीदारी अध्यक्ष तुलसी साहू, उपसरपंच झम्मन साहू, गांगपुर सरपंच नारायण साहू, संस्था प्राचार्या श्रीमती पद्मिनी साहू, स्कूल के शिक्षक–शिक्षिकाएं, छात्र–छात्राए तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। अंत में विद्यालय परिवार एवं जनप्रतिनिधियों ने डॉ. साहू को इस प्रेरणादायक पहल के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।



## लायंस क्लब ने 70 लोगों का किया मधुमेह परीक्षण




हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर लायंस क्लब ने आज शुक्रवार 14 नवंबर को सिग्नल चौक के पास एक मधुमेह परीक्षण शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में साहू पैथोलॉजी के लल्लू साहू ने 70 लोगों का परीक्षण करके उन्हें सलाह दी। लायंस डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन सुधीर जैन ने सौ से ज़्यादा क्लब्स को परीक्षण किट देकर अपने अपने नगर में परीक्षण शिविर आयोजित करने के लिए प्रेरित किया था। इसी शिविर में रोड सेफ्टी के पोस्टर और बैनर प्रदर्शित करके नागरिकों को सड़कों पर वाहन चलाने में सावधानी बरतने, हेलमेट लगाने और ट्रैफिक नियमों का पालन करने का संदेश दिया। इसके अलावा बाल दिवस के मद्देनजर पास के दो स्कूलों आत्मानंद स्कूल और मेन प्राइमरी स्कूल के 250 बच्चों को टॉफियां वितरित कीं।

## कवर्धा कांग्रेस ने पंडित नेहरू को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा कांग्रेस द्वारा 14 नवम्बर को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को उनकी 135 वीं जयंती पर उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। पंडित नेहरू की जयंती को देश में बाल दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू की विरासत एक शाश्वत प्रकाश स्तंभ की तरह है, जो भारत के विचार और उनके द्वारा पोषित मूल्यों स्वतंत्रता, लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और वैज्ञानिक सोच को प्रकाशित करती है। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपने दूरदर्शी और निडर नेतृत्व से स्वतंत्र भारत में संवैधानिक और लोकतांत्रिक मूल्यों की नींव रखी और देश को एक नई दिशा प्रदान की। उनके आदर्श और मूल्य आज भी हमारे लिए प्रेरणा स्रोत हैं। हिंद के जवाहर को उनकी जयंती पर सादर नमन। महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सीमा अनंत ने पूर्व प्रधानमंत्री श्री नेहरू की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेहरू भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति थे। स्वतंत्रता के बाद उन्होंने देश की लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष नींव स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। उनकी दृष्टि शिक्षा, वैज्ञानिक विकास और बच्चों के कल्याण पर केंद्रित थी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से होरीराम साहू अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, श्रीमती सीमा अनंत अध्यक्ष महिला कांग्रेस, मणिकांत त्रिपाठी ब्लाक अध्यक्ष कवर्धा ग्रामीण, गोपाल चंद्रवंशी संगठन महामंत्री, संतोष यादव, गणेशनाथ योगी, ईश्वर शरण वैष्णव, श्रीमती पुष्प लता जोशी, अगम दास अनंत, वाल्मीकि वर्मा, दीपक सिंह ठाकुर, परमेश्वर मानिकपुरी, नारद चंद्रवंशी, सुरेश वर्मा किरोत साहू, बाबूलाल साहू, राजेश मानिकपुरी, दीपचंद, जाहिद, रोहित कुमार, राजकुमार, गोकुल, विकाश चंद्रवंशी, दिनेश कुमार, दीपक सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।




## संत कबीर कृषि महाविद्यालय में अंतर-कक्षा खेलकूद प्रतियोगिता का समापन



**कवर्धा।** संत कबीर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, कवर्धा में 10 नवम्बर 2025 से आयोजित अंतर कक्षा खेलकूद प्रतियोगिताओं का समापन आज उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। प्रतियोगिताओं में महिला एवं पुरुष वर्ग के लिए कुल 9 व्यक्तिगत तथा 6 सामूहिक खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह, खेलभावना एवं अनुशासन के साथ भाग लिया। समापन समारोह में नगर पालिका परिषद कवर्धा के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भूतपूर्व अधिष्ठाता डॉ. आरके द्विवेदी तथा मेडिकल ऑफिसर डॉ. सलिल मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजीव श्रीवास्तव ने की। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले महिला एवं पुरुष वर्ग के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। अतिथियों ने विद्यार्थियों को खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया तथा महाविद्यालय द्वारा खेल एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों के सफल आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की छात्रा कुसुम ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. श्याम सिंह द्वारा किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता का यह सफल आयोजन महाविद्यालय में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, टीम वर्क और समग्र विकास की भावना को पुष्ट करता है।

## अवैध शराब, मादक पदार्थ और आपराधिक गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

# एसपी धर्मेंद्र सिंह की अध्यक्षता में मासिक अपराध समीक्षा बैठक हुई



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह की अध्यक्षता में गत 13 नवम्बर 2025 को प्रातः 11 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय कबीरधाम के मीटिंग हॉल में मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी, थाना और चौकी प्रभारी, रक्षित निरीक्षक, साइबर सेल प्रभारी, यातायात प्रभारी, शाखा प्रभारी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में पुलिस अधीक्षक सिंह ने सभी थाना और चौकी प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए कि अवैध शराब, मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध चखना सेंटर और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जो अधिकारी अपने कर्तव्यों का समुचित पालन नहीं कर पा रहे हैं, वे अपने बोरिया-बिस्तर समेटने की तैयारी कर लें। किसी भी प्रकार का अवैध कारोबार या असामाजिक तत्व किसी भी स्थिति में बख्शे नहीं जाएंगे। श्री सिंह ने यह भी कहा कि जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए प्रत्येक थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में सक्रियता से कार्य करें और जनसहभागिता को बढ़ावा देते हुए अपराध नियंत्रण पर विशेष ध्यान दें। बैठक के मुख्य बिंदु जिले में लंबित अपराधों और चालानों की समीक्षा, लघु अधिनियमों एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की त्रिवर्षीय तुलनात्मक समीक्षा, पुलिस बल की दक्षता, अनुशासन और कार्य कुशलता बढ़ाने के उपाय तथा आगामी माह के लिए रणनीतिक योजना का निर्धारण रहे। बैठक में अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा, सायबर अपराध, नशा उन्मूलन अभियान, यातायात व्यवस्था सुधार और आगामी विशेष ड्यूटी के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था पर भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अखिलेश कौशिक, उप पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी, कृष्ण कुमार चंद्राकर, आशीष शुक्ला सहित जिले के सभी थाना, चौकी एवं शाखा प्रभारी शामिल रहे। बैठक का समापन आगामी माह की कार्ययोजना और लक्ष्यों के निर्धारण के साथ हुआ। पुलिस अधीक्षक सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित गश्त करें, मुखबिर तंत्र को सक्रिय रखें, सोशल मीडिया की निगरानी पर ध्यान दें और जनता के बीच विश्वास एवं सहयोग का वातावरण बनाए रखें। उन्होंने कहा कि पुलिस का दायित्व केवल अपराध नियंत्रण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में शांति, विश्वास और सुरक्षा की भावना बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक है।

## प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कुकरापनी में मनाया गया बाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कुकरापनी में शुक्रवार 14 नवम्बर को बाल दिवस बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन एसबीआई संजीवनी एमएमयू टीम, कबीरधाम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में 124 बच्चों तथा 6 शिक्षकों ने सक्रिय रूप से सहभागिता प्रदान की। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों के स्वागत से की गई। इसके बाद एसबीआई संजीवनी टीम द्वारा बच्चों को बाल-अधिकार, बचपन उत्सव तथा बच्चों से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। टीम ने बच्चों को वीडियो के माध्यम से गुड टच–बैड टच, बाल अधिकार एवं सुरक्षा जागरूकता के विषयों पर विस्तृत जानकारी दी, जिससे बच्चों में जागरूकता और आत्म-सुरक्षा की समझ विकसित हो सके। कार्यक्रम में बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए चित्रकला, कविताएं, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें बच्चों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर बाल मेला-भी आयोजित किया गया। अंत में शिक्षकों और एसबीआई संजीवनी टीम ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

